Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding stoppage of trains at Banasthali Nivai Railway Station, Rajasthan-laid.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक-सवाई माधोपुर): मैं एक महत्वपूर्ण विषय सरकार के सामने रखना चाहता हूँ। मेरी मांग है कि निवाई रेलवे स्टेशन पर एक इस प्रकार की ट्रेन का ठहराव करवाया जाए जो कि प्रातः 9 बजे तक आवश्यक रूप से यात्रियों को जयपुर पहुंचा सके ताकि वहां कार्यरत श्रमिक, कर्मचारी व अधिकारी समय पर अपने-अपने गंतव्य पर पहुंच सके। सवाई माधोपुर से जयपुर के लिए इसी उद्देश्य से एक शटल ट्रेन चलाई जाए जो प्रातः 9 बजे तक यात्रियों को जयपुर पहुंचा सके। मुम्बई सुपरफास्ट 12955/12956 ट्रेन को भी वनस्थली निवाई रेलवे स्टेशन पर ठहराव करवाया जाये क्योंकि मुंबई की ओर जाने वाली एक ट्रेन का ठहराव यहां पर नहीं है और निर्वाड वनस्थली जंक्शन पर आने-जाने वाली सभी ट्रेनों का ठहराव करवाया जाए।